दिनांक 24 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

धारा 144 का पालन कराने निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए निगम द्वारा बांटे जा रहे हैं 80,000 से अधिक पंपलेट

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जिलाधीश द्वारा धारा 144 लागू करने के बाद से ही निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने निगम क्षेत्र दौरा प्रारंभ कर दिया था तथा आज भी निगम क्षेत्रों का निगम के अधिकारियों के द्वारा सघन निरिक्षण किया गया। व्यवसायिक दुकानों द्वारा प्रतिबंध की अवहेलना करने पर निगम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई भी कल की थी तथा आज भी कई स्थलों पर कारवाही की गई है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए शासन द्वारा जारी किए गए आदेश एवं धारा 144 का कड़ाई से पालन कराने के लिए क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने के निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा अधिकारियों को दिए गए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए हैं एडवाइजरी को अपनाने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। जो लोग शासन के आदेशों का पालन नहीं कर रहे है उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। धारा 144 एवं लॉक डाउन का पालन कराने जिले के कलेक्टर अंकित आनंद ने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी तथा उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें की उपस्थिति में निगम क्षेत्र का दौरा किया था। आकाशगंगा व सुपेला क्षेत्र में अति आवश्यक दैनिक उपयोग वाले दुकानों में भीड़ जमा न होने देने तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की कार्यवाही भी की गई! कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु निगम प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु संपूर्ण भिलाई निगम क्षेत्र में धारा 144 लागू है जिसका कड़ाई से पालन कराने निगम के अधिकारी जुटे हुए हैं! कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु वितरण किए जा रहे है पाम्प्लेट - कोरोना वायरस के संक्रमण से स्वयं व दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए एडवाइजरी के तहत संपूर्ण निगम क्षेत्र में पाम्प्लेट बांटे जा रहे है। सहा. स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि 80,000 से अधिक पंपलेट का वितरण जन जागरूकता के तहत किया जाएगा जिसके वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है! निगम भिलाई द्वारा घर-घर में पाम्प्लेट वितरण का कार्य किया जा रहा है। पाम्प्लेट में हाथों की सफाई, छींकते व खांसते वक्त रूमाल से ढकने, कोरोना वायरस के लक्षण होने पर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई है ताकि लोगों में अधिक से अधिक जागरूकता लाई जा सके !

जनसम्पर्क अधिकारी